# 'ज्ञानमेव शक्ति' की चेतना से भारत की सांस्कृतिक विरासत को नई दिशा : परमार

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि भारतीय परंपरा में ज्ञान का सर्वोच्च स्थान है और 'ज्ञानमेव शक्ति' की चेतना मनुष्य को नर से नारायण बनने की प्रेरणा देती है।

वे रविंद्र भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'मध्यप्रदेश : वैश्विक बौद्ध धरोहर केंद्र' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का सनातन दर्शन केवल ज्ञान अर्जन नहीं बल्कि आत्मोन्नति का मार्ग है, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ संपूर्ण मानवता के कल्याण का संदेश देता है।

श्री परमार ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने भारत की इस आध्यात्मिक परंपरा को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित किया। उनके शांति, करुणा और मानव कल्याण के संदेश आज भी पूरी दुनिया के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध तीर्थ स्थलों का विकास देश की सांस्कृतिक और



आध्यात्मिक पहचान को और सशक्त करेगा। सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि बुद्ध का शांति संदेश वर्तमान समय की आवश्यकता है और राज्य सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए कार्य कर रही है। राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि सांची केंद्रित बौद्ध सर्किट के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें सतधारा, सोनारी, अंधेर और बाघ गुफाएं शामिल हैं। सम्मेलन में बौद्ध धरोहर संरक्षण, पर्यटन विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, विद्वान और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 'मेट्रो मूव्स' बना आकर्षण का केंद्र

# मेट्रो में पहली बार डीजे की धुनों पर थिरके यात्री

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी भोपाल में रविवार को मेट्रो का सफर उस समय यादगार बन गया, जब चलती मेट्रो के कोच में संगीत, मनोरंजन और फिटनेस गतिविधियों का अनूठा संगम देखने को मिला। पहली बार आयोजित हुए 'मेट्रो मूव्स' कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने डीजे की धुनों पर जमकर डांस किया और मेट्रो यात्रा का अलग ही अनुभव प्राप्त किया।

इस आयोजन में करीब 100 लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन 'जरा हटके इवेंट्स' और 'बॉस लेडी भोपाल' के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसकी शुरुआत एम्स मेट्रो स्टेशन से हुई, जहां प्रतिभागियों के लिए फिटनेस गेम्स और आइस ब्रेकिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजन स्थल पर युवाओं और फिटनेस प्रेमियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया गया। शाम को निर्धारित समय पर प्रतिभागी मेट्रो में सवार हुए। मेट्रो



के रवाना होते ही डीजे संगीत का दौर शुरू हो गया और यात्री लोकप्रिय बॉलीवुड तथा पार्टी गीतों पर झूम उठे। पुराने और नए गीतों की धुनों ने पूरे कोच का माहौल उत्सवमय बना दिया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने नृत्य, सेल्फी और समूह गतिविधियों का आनंद लिया। मेट्रो सुभाष नगर स्टेशन तक गई और वापसी के दौरान भी उत्साह का माहौल बना रहा।

आयोजकों के अनुसार मध्यप्रदेश और मध्य भारत में चलती मेट्रो के भीतर आयोजित इस प्रकार का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि भोपाल मेट्रो की 'सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स' नीति से प्रेरित होकर इस आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। मेट्रो प्रबंधन से आवश्यक अनुमति लेने के बाद सभी सुरक्षा मानकों और दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम के लिए अपेक्षा से अधिक लोगों ने रुचि दिखाई थी, लेकिन सीमित क्षमता के कारण सभी को शामिल नहीं किया जा सका। मेट्रो प्रबंधन द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करते हुए बैटरी आधारित साउंड सिस्टम का उपयोग किया गया।

गौरतलब है कि मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों को आकर्षित करने और मेट्रो से जोड़ने के उद्देश्य से 'सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स' पहल शुरू की है। इसके तहत अब मेट्रो में प्री-वेडिंग शूट, जन्मदिन समारोह और अन्य विशेष आयोजनों की भी अनुमति दी जा रही है। 'मेट्रो मूव्स' ने इस पहल को नई पहचान देने का काम किया है।

## हमीदिया अस्पताल परिसर में तेज रफ्तार कार का कहर, दो घायल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के हमीदिया अस्पताल परिसर में रविवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और गुस्साई भीड़ ने कार में तोड़फोड़ कर उसे पलट दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार, कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित हमीदिया अस्पताल परिसर में एक कार तेज गति से गुजर रही थी। इसी दौरान कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में गीता सेन और जावेद नामक युवक को चोटें आईं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार इस दुर्घटना का प्रमुख कारण रही। घटना के बाद अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। नाराज लोगों ने कार के शीशे तोड़ दिए और बाद में वाहन को पलट दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात संभालते हुए भीड़ को शांत कराया। क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस कार चालक की पहचान और दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी है। घायलों का उपचार जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# नामदेव समाज की 45 मेधावी प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

### शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्ट प्रदर्शन को मिला सम्मान, विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** संत नामदेव मानव सेवा समिति द्वारा रविवार को गुजराती समाज भवन, टीटी नगर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नामदेव समाज के 45 मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासित व्यक्तित्व और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह, नगद राशि और चेक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। समारोह में समाजजन, अभिभावक, युवा वर्ग और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट एवं दादाजी धाम मंदिर के अध्यक्ष



शिवरतन नामदेव तथा ट्रस्टी जीवन नामदेव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी उसकी शिक्षित और संस्कारित युवा पीढ़ी होती है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सार्वजनिक सम्मान अन्य युवाओं को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। शिवरतन नामदेव ने बताया कि समिति पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रही है। इस पहल से विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है और योग्य विद्यार्थियों को उचित मंच एवं प्रोत्साहन मिलने से वे भविष्य में समाज, प्रदेश और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष संजय नामदेव, सचिव नवीन नामदेव और कोषाध्यक्ष प्रमोद बघेल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की गई। गुजराती समाज भवन प्रबंधन समिति ने भी संत नामदेव मानव सेवा समिति के पदाधिकारियों को सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों के लिए सम्मानित किया। समारोह में नामदेव समाज विकास परिषद, मध्यप्रदेश के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नामदेव, महामंत्री सुभाष चंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष भीकम सिंह नामदेव सहित परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं, युवा कार्यकर्ता और समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मासिक वसूली का दबावः ऑटो चालक को बंधक बनाकर की मारपीट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित हमीदिया अस्पताल की पार्किंग में एक ऑटो चालक के साथ कथित तौर पर बंधक बनाकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उससे हर महीने निर्धारित रकम देने का दबाव बनाया और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस के अनुसार घटना अस्पताल परिसर की पार्किंग के आसपास हुई, जहां किसी बात को लेकर विवाद के बाद ऑटो चालक को रोक लिया गया। आरोप है कि वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसे घेरकर मारपीट की और उससे प्रतिमाह पांच हजार रुपये देने की मांग की। पीड़ित का कहना है कि रकम नहीं देने पर उसे लगातार धमकियां भी दी जा रही थीं। घटना की जानकारी मिलने पर ऑटो का मालिक भी मौके पर पहुंचा। आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ भी अभद्र व्यवहार किया और मारपीट का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ने पर मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही कोहेफिजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित की शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### छोलामंदिर पुलिस की कार्रवाई, सीमावर्ती जिलों से बाहर रहने के आदेश

# आदतन अपराधी सुदामा कुचबंदिया एक वर्ष के लिए जिला बदर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से छोलामंदिर थाना पुलिस ने आदतन अपराधी सुदामा कुचबंदिया के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है। पुलिस आयुक्त न्यायालय के आदेश के तहत आरोपी को एक वर्ष के लिए भोपाल जिले एवं सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

यह आदेश 5 जून से प्रभावी हो गया है। पुलिस कमिश्नर संजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर शैलेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस उपायुक्त आदर्श कान्त शुक्ला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार सुदामा कुचबंदिया पिता कुंजीलाल कुचबंदिया, निवासी खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास, थाना छोलामंदिर क्षेत्र, लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था। उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5(क) एवं 5(ख) के तहत जिला बदर की कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन तैयार कर सक्षम न्यायालय को भेजा गया था।

न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के बाद पुलिस टीम ने आरोपी को जिला बदर का नोटिस तामील कराया और उसे भोपाल सहित सीमावर्ती जिलों की सीमा से बाहर रहने के निर्देश दिए।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गतिविधियों के कारण क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना रहता था। जिला बदर की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि जिला बदर अवधि के दौरान आरोपी आदेश का उल्लंघन करते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में पाया जाता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सगे भाइयों ने युवक पर ब्लेड से किया जानलेवा हमला

*राजधानी के लालघाटी क्षेत्र में दो सगे भाइयों द्वारा एक युवक पर ब्लेड से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके गाल और गले के पास गहरे घाव आए हैं। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घायल युवक जितेन्द्र मोंगिया (23) मूल रूप से राजगढ़ जिले के बनी गांव का निवासी है और वर्तमान में लालघाटी चौराहे के पास दुर्गा मंदिर क्षेत्र में फुटपाथ पर झुग्गी बनाकर रह रहा है। इसी क्षेत्र में उसके गांव के रहने वाले सगे भाई मिथुन और मोहित भी मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। जानकारी के मुताबिक, मिथुन और मोहित पहले जितेन्द्र के साथ काम करते थे। बाद में किसी कारणवश दोनों का काम छूट गया। आरोप है कि दोनों भाइयों को संदेह था कि उन्हें काम से हटाने के पीछे जितेन्द्र की भूमिका रही है। इसी बात को लेकर उनके बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।*

## सरदार पटेल का योगदान सदा याद रखा जाएगा : आलोक शर्मा

### यूनिटी मार्च के समापन पर सांसद ने दिखाई हरी झंडी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भोपाल-सीहोर लोकसभा क्षेत्र की यूनिटी मार्च पदयात्रा का समापन उत्साह और देशभक्ति के माहौल में हुआ।



इस अवसर पर भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने सीहोर के शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान से यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम से पहले उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों तथा मातृशक्ति ने भाग लिया। इस दौरान विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीताराम यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने 562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य किया।

शर्मा ने कहा कि भोपाल रियासत का भारत में विलय भी सरदार पटेल के प्रयासों के कारण संभव हो सका और देश उनके योगदान को सदैव स्मरण रखेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाया जा रहा है और इसी उद्देश्य से देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यूनिटी मार्च सीहोर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर लीसा टॉकीज चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। समापन समारोह में उपस्थित युवाओं को नशा मुक्त भारत का संकल्प भी दिलाया गया।

# जमीन घोटाले में पटवारी सहित तीन पर एफआईआर, भूमि हड़पने का आरोप

### सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी कर कीमती जमीन की रजिस्ट्री, तहसील जांच में सामने आया फर्जीवाड़ा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के रातीबड़ थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन से जुड़े कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। सरकारी अभिलेखों और नक्शों में हेराफेरी कर जमीन पर कब्जा करने तथा उसे बेचने के आरोप में पुलिस ने तत्कालीन पटवारी सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का प्रकरण दर्ज किया है।

मामले के सामने आने के बाद राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। पुलिस और राजस्व अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम फतेहपुर ढोबरा में भूमि अभिलेखों में बदलाव कर एक सुनियोजित तरीके से जमीन के स्वामित्व को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। जांच में सामने आया कि हुजूर तहसील में पदस्थ रहे तत्कालीन पटवारी सत्यप्रकाश यादव पर दो स्थानीय व्यक्तियों शकील खान और मोहम्मद कामिल खान के साथ मिलकर रिकॉर्ड में बदलाव करने का आरोप है। तहसीलदार की जांच रिपोर्ट के मुताबिक आरोपियों ने सरकारी नक्शे में कथित रूप से फर्जी बटांकन संख्या दर्ज कर मूल भू-स्वामी की मुख्य सड़क से लगी कीमती भूमि को पीछे की जमीन के रूप में दर्शाया।

हालांकि ऑनलाइन भू-अभिलेख प्रणाली और वेब जीआईएस सॉफ्टवेयर में यह बदलाव दर्ज नहीं हो सका, जिससे रिकॉर्ड में मौजूद विसंगति उजागर हो गई। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि सौदे के दौरान वास्तविक भुगतान नहीं हुआ था और केवल पोस्ट-डेटेड चेक दिए गए थे। मामले के खुलासे के बाद रातीबड़ थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही संबंधित पटवारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई और निलंबन की प्रक्रिया के लिए भी पत्राचार किया गया है।

### जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाला बदमाश गिरफ्तार

*बैरागढ़ थाना पुलिस ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूर्व में गंभीर आपराधिक गतिविधियों के चलते भोपाल और उससे सटे जिलों की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया गया था, लेकिन वह आदेश की अवहेलना करते हुए अपने ही क्षेत्र में घूमता मिला। पुलिस के अनुसार कुम्हार मोहल्ला निवासी अन्नू उर्फ विशाल पाल (26) के विरुद्ध बैरागढ़ और खजूरी थाना क्षेत्रों में मारपीट, गाली-गलौज, अवैध हथियार रखने, लूट, हत्या के प्रयास तथा आर्म्स एक्ट सहित कुल 14 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। लगातार आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए प्रशासन ने 4 नवंबर 2025 को उसे आठ माह के लिए जिला बदर किया था।*

### शिक्षा में एआई के प्रभावी प्रयोग सीखा टीचर्स ने

# हेमू कालाणी एजुकेशन सोसायटी ने शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसाइटी ने शिक्षकों के लिए 'शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता टूल्स का प्रभावी प्रयोग' विषय पर एक विशेष उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। इसकाउद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम तकनीकी संसाधनों से परिचित कराना था, ताकि शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और परिणामोन्मुखी बनाया जा सके।

कार्यशाला का शुभारंभ सोसायटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने किया। उन्होंने उपस्थित विषय-विशेषज्ञों, प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों का स्वागत किया और आधुनिक शिक्षा में तकनीकी नवाचारों को अपनाने पर बल दिया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता एवं विषय-विशेषज्ञ कीर्ति



तोलानी ने आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में एआई टूल्स की उपयोगिता एवं आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न एआई प्लेटफॉर्म्स का लाइव प्रदर्शन करते हुए शिक्षकों को सिखाया कि वे किस प्रकार पाठ योजना निर्माण, प्रश्न पत्र निर्माण, मूल्यांकन और आकर्षक शिक्षण सामग्री तैयार करने में इन तकनीकों का स्मार्ट उपयोग कर सकते हैं।

**टीचिंग स्मार्टर विद ए.आई सत्र :** विषय-विशेषज्ञ चाँदनी श्रीमाल ने 'टीचिंग स्मार्टर विद ए.आई' विषय पर एक प्रेरणादायी सत्र का संचालन किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उद्देश्य शिक्षकों का स्थान लेना नहीं, बल्कि उनकी दक्षता और कार्यक्षमता को बढ़ाना है।' उन्होंने बताया कि एआई की सहायता से शिक्षक कम समय में अधिक गुणवत्तापूर्ण सामग्री तैयार कर सकते हैं और विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत एवं आकर्षक शिक्षण अनुभव विकसित कर सकते हैं। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को केवल थ्योरी ही नहीं, बल्कि विभिन्न एआई-आधारित अनुप्रयोगों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला में सोसायटी द्वारा संचालित स्कूलों के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, कॉर्डिनेटर एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन कॉर्डिनेटर रीटा आहूजा ने किया।

## जंगल में मिला 72 साल की वृद्धा की सात दिन पुरानी लाश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित खेजड़ा महुआखेड़ा के जंगल में 72 साल की बुजुर्ग महिला का शव मिला है। शव करीब एक सप्ताह पुराना होने के कारण डिकंपोज हो चुका था। पुलिस के मुताबिक ग्राम खेजड़ा महुआखेड़ा की सुमित्रा बाई पत्नी रामरतन (72) का करीब डेढ़ साल से मानसिक संतुलन बिगड़ा था। करीब एक सप्ताह पहले गांव के लोग तेंदूपत्ता तोड़ने गांव से दो किमी दूर जंगल गए थे। सुमित्रा बाई उनके पीछे जंगल पहुंच गई। और वह नहीं लौटी। परिजन तलाश कर रहे थे। शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि किसी महिला का शव पेड़ के नीचे पड़ा है। परिजनों ने कपड़ों से महिला की पहचान की है। पुलिस का कहना है की पीएम रिर्पोट आने पर ही मौत के सही कारणो का खुलासा हो सकेगा।

### विधायक ट्रॉफी 2026 में रोमांचक मुकाबले

## पुलिस इलेवन और भूतेश्वर महादेव इलेवन ने दर्ज की जीत

**नप्र, भोपालः** नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति द्वारा नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड में 1 जून से 9 जून तक आयोजित विधायक ट्रॉफी 2026 नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में लगातार रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैच देखने पहुंच रहे हैं।

दर्शकों के लिए फ्री कूपन की व्यवस्था की गई है और प्रतिदिन 21 भाग्यशाली दर्शकों को उपहार भी दिए जा रहे हैं। हाल ही में खेले गए मुकाबलों में भूतेश्वर महादेव इलेवन और पुलिस इलेवन (ड्रीम इलेवन) ने शानदार जीत दर्ज की। पहले मैच में श्री भूतेश्वर महादेव इलेवन ने थाला इलेवन को एकतरफा मुकाबले में 9 विकेट से हराया। थाला इलेवन मात्र 47 रनों पर सिमट गई, जिसके जवाब में विजेता टीम ने केवल 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में अंकित सिंह मीना ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया, उन्होंने 3 विकेट लेने के साथ तेजतर्रार 18 रन बनाए।

दूसरे मैच में पुलिस इलेवन ने शबरी सुपर किंग्स को 8 रनों से हराया। पुलिस इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन बनाए, जिसके जवाब में विपक्षी टीम 103 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में लोकेंद्र सिंह ने गेंद और बल्ले दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 रन बनाए और 5 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन से दर्शकों में उत्साह का माहौल बना हुआ है और हर दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं।